Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 01-12-2005

Participants : Bishnoi Shri Jaswant Singh

>

Title : Need to expedite the work to provide communication facilities in rural areas of Rajasthan.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से संचार मंत्री जी का ध्यान राजस्थान राज्य की ओर आकृट कराना चाहूंगा। राजस्थान में 45 हजार गांव हैं और 45 हजार ढहाणियां

है, लेकिन आज भी वहां संचार सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। पहले यह कहा गया था कि राजस्थान में प्राइवेट सैक्टर की निजी कम्पनियां वहां संचार सुविधाएं उ पलब्ध करेंगी, लेकिन आज तक किसी भी गांव में संचार सुविधा उपलब्ध नहीं हुई है। आज संचार सुविधा केवल विलासिता की वस्तु नहीं रही। राजस्थान के हजारों नागरिक आज सेना में कार्यरत् हैं तथा कई बिजनेसमैन भी हैं। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा कि भारत संचार निगम यह काम स्वयं अपने हाथ में ले तथा जहां-जहां टावर बनने हैं वहां पर टावर बनें । जहां डब्ल्यूएलएल का काम चालू होना है, वहां उस काम को जल्दी चालू कराया जाये। राजस्थान के गांवों में जहां लोगों को संचार सुविधा की आवश्यकता है, वहां भारत संचार निगम स्वयं इस काम को अपने हाथ में लेकर लोगों को इसकी सुविधा प्रदान करे, यह मैं आपके माध्यम से अपील करना चाहूंगा।